# Frequently Asked Questions

**प्रश्न : BPSC का फॉर्म कहाँ से भरा जा सकता है ?**

उत्तर : BPSC का फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से भरा जाता है, जिसके लिए आपको BPSC के ऑनलाइन application पोर्टल पर जाना होता है। जिसका लिंक है : www.onlinebpsc.bihar.gov.in

**प्रश्न : BPSC के फॉर्म को भरने की क्या प्रक्रिया है ?**

उत्तर : BPSC का फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से भरा जाता है। Hard Copy में Form नहीं भरना है।

(1) **Registration**:- ऑनलाइन फार्म भरने के लिए सवप्रर्थम इस लिंक www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर जाकर Registration करना होगा। Registration के दौरान Email एवम् Mobile संख्या का OTP के माध्यम से Verification किया जाता है। इसके पश्चात् Dashboard पर Login हेतु Email के माध्यम से User Name एवम् Password दिया जाता है।

(2) **Examination Fee:-** उपलब्ध User Name एवम् Password के माध्यम से Dashboard पर Login के उपरांत आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाता है।

(3) **Application:-** आवेदन शुल्क भुगतान करने के उपरांत Dashboard में Online आवेदन भरने का लिंक उपलब्ध करा दिया जाता है। इस लिंक पर Click कर आवेदन भरने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाता है। इसके उपरांत आवेदन की PDF Copy Download के लिए Dashboard पर उपलब्ध रहता है।

**प्रश्न : मैं कैसे किसी पद के लिए आवेदन कर सकता हूं?**

उत्तर : BPSC के ऑनलाइन पोर्टल (www.onlinebpsc.bihar.gov.in) वेबसाइट पर जाकर, Online Registration के सेक्शन में सक्रिय (active) विज्ञापनों के लिए Apply Online बटन पर क्लिक कर के रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

**प्रश्न : BPSC का फॉर्म भरने की पात्रता कैसे चेक करें?**

उत्तर : BPSC के द्वारा विभिन्न तरह के विज्ञापन आते है, आप किसी किसी सम्बंधित विज्ञापन के लिए योग्य है या नहीं इसकी जानकारी के लिए आपको विज्ञापन पढ़ना होगा। अगर आप विज्ञापन में दी गयी सभी शर्तों को पूरा करते है तो आप उस विज्ञापन के लिए योग्य है।

**प्रश्न : रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर मोबाइल और ईमेल का सत्यापन करना जरुरी है ?**

उत्तर : जी हँ, आपके द्वारा रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर दिए गए मोबाइल और ईमेल को OTP के द्वारा Verify करना जरुरी है।

**प्रश्न : रजिस्ट्रेशन करने के बाद मेरा Application सबमिट हो जायेगा ?**

उत्तर : जी नहीं, रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपके ईमेल पर Username और Password प्राप्त होगा, जिसका इस्तेमाल करके आपको BPSC ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। Login के उपरांत Fee पेमेंट करना होगा जिसके बाद फाइनल

Application फॉर्म का लिंक मिल जायेगा। Application फॉर्म के लिंक पर क्लिक करते हुए आपको अपना फॉर्म सबमिट करना होगा।

**प्रश्न : Fee पेमेंट कर देने के बाद रजिस्ट्रेशन डाटा में कैसे Edit करें ?**

उत्तर : ऐसी स्थिति में आपको अपना पहले रजिस्ट्रेशन को cancel करना होगा, जिसका बटन आपको डैशबोर्ड पर दिख जायेगा। cancel करने के बाद आपको पुनः नए सिरे से सभी प्रक्रिया को करना होगा।

**प्रश्न : एप्लीकेशन फॉर्म में गलत entry हो गया है क्या करें ?**

उत्तर : BPSC के ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरते समय आपको 2 बार Edit का ऑप्शन दिया जाता है।

1. रजिस्ट्रेशन के बाद पेमेंट से पहले। (रजिस्ट्रेशन के समय किये गए सभी प्रविष्टियों में एडिट कर सकते है- Email id और mobile number को छोड़कर

2. एप्लीकेशन फॉर्म का डेट समाप्त होने के बाद। (कतिपय प्रविष्टियों को छोड़ कर बाकि डाटा में सुधार कर सकते है)

नोट : विस्तृत जानकारी के लिए विज्ञापन पढ़े।

**प्रश्न : BPSC का एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद Edit का ऑप्शन कितने दिनों के लिए होता है?**

उत्तर : एप्लीकेशन फॉर्म सबमिट होने के बाद Edit का ऑप्शन 7 दिनों के लिए दिया जाता है।

**प्रश्न : कैसे समझे कि मेरा पेमेंट हो गया है?**

उत्तर : अपने Username Password से login कर डैशबोर्ड पर जाये, डैशबोर्ड पर अगर Payment का लिंक हट कर Application Form का लिंक या गया है तो आपका पेमेंट हो चूका है।

**प्रश्न : Photo** एवम् **Signature अपलोड करने का सही size और dimension क्या है?**

उत्तर : Photo Sign अपलोड करने लिए size और dimension निम्नलिखित है :

Photo के लिए Size 25 KB & dimension 250*250 pixel

Sign के लिए Size 15 KB & dimension 220*100 pixel

**प्रश्न : कैसे जाने कि मेरा एप्लीकेशन फॉर्म अंतिम रूप से submit हो गया है?**

उत्तर : अपने username password से login कर डैश्बोर्ड पर जाए तथा निम्न बिन्दुयों को जाँचे ।

1. डैश्बोर्ड पर ONLINE APPLICATION STATUS में हरे रंग से लिखा हुआ successful submission का message दिख रहा है।

2. DOWNLOAD FILLED APPLICATION में PDF डाउनलोड का बटन आ गया है ।

3. डैश्बोर्ड पर दाहिने तरफ CANDIDATE STATUS application date दिखाई दे रहा है ।

उपर्युक्त वर्णित स्थिति में ही समझा जाये कि आपका आवेदन पूर्ण रूप से सब्मिट हो गया है।

**प्रश्न : यूजरनाम पासवर्ड गुम हो गया है क्या करें ?**

उत्तर : BPSC ऑनलाइन application पोर्टल पर लॉगिन बटन के नीचे Forgot Username & Password का लिंक है, इस लिंक पर जाने के बाद आपसे रजिस्ट्रेशन नंबर, Registered Mobile Number और Date of Birth की सूचना की प्रविष्टि कर अपने Registered मोबाइल या ईमेल पर अपना Username Password पुनः मंगवा सकते है।

**प्रश्न : मेरा पेमेंट दो बार कट गया है क्या करूँ ?**

उत्तर : BPSC ऑनलाइन एप्लीकेशन में एक ही पेमेंट की आवश्यकता होती है अगर किसी बैंकिंग बाधा के कारण पेमेंट 2 बार कट गया है तो जिस transaction नंबर से आपका एप्लीकेशन फॉर्म भरा गया है उसको छोड़ कर दूसरे पेमेंट का return request अपने सम्बंधित बैंक से कर सकते है।

**प्रश्न : BPSC का Admit Card कैसे डाउनलोड होता है ?**

उत्तर : किसी भी Exam का Admit Card डाउनलोड करने के लिए सम्बंधित Exam के रजिस्ट्रेशन के समय प्राप्त Username Password से **https://onlinebpsc.bihar.gov.in/** पर login करना होगा। Login करने के बाद डैशबोर्ड पर Admit Card डाउनलोड का बटन दिख जायेगा।

**प्रश्न : मेरा Admit Card खो गया है Roll No कैसे जान सकते है ?**

उत्तर : अपने यूजरनाम पासवर्ड से लॉगिन करें, login करने के बाद डैशबोर्ड पर Roll No मिल जायेगा।

**प्रश्न : आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं की तिथियों से संबंधित जानकारी कहाँ मिलेगी ?**

उत्तर : आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं की तिथियों से संबंधित जानकारी आयोग के वेबसाइट के होम पेज पर बायीं तरफ नीचे में Exam Calendar में देखा जा सकता है।

**प्रश्न : आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं में श्रुतिलेख की सुविधा कैसे प्राप्त की जाती है?**

उत्तर : आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं में श्रुतिलेख की सुविधा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या - 10668, दिनांक 29-06-2022 के आलोक में उपलब्ध करायी जाती है।

**प्रश्न : आयोग द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं के पाठ्यक्रम की जानकारी कहाँ मिलेगी ?**

उत्तर : आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं के पाठ्यक्रम की जानकारी आयोग के वेबसाइट के होम पेज पर बायीं तरफ Syllabus Column के अंतर्गत देखा जा सकता है।

**प्रश्न : ई-प्रवेश पत्र कब जारी किया जाता है ?**

उत्तर : संबंधित परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व जारी किया जाता है।

**प्रश्न : उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष में कौन-कौन सी सामग्री ले जाना वर्जित है ?**

उत्तर : किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Wrist Watch (सामान्य/Smart) इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा whitener/blade/eraser, पुस्तक, सादा कागज आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। PT Examination में Pencil वर्जित है।

**प्रश्न : संबंधित परीक्षाओं के प्राप्तांक/अंतिम कट-ऑफ मार्क्स की जानकारी कहाँ मिलेगी ?**

उत्तर : संबंधित परीक्षाओं के प्राप्तांक /अंतिम कट-ऑफ मार्क्स की जानकारी आयोग के वेबसाइट के होम पेज पर बायीं तरफ मार्क्स शीट कॉलम के अन्तर्गत देखा जा सकता है।

**प्रश्न : विगत् एक वर्ष से पूर्व आयोजित परीक्षाओं से संबंधित जानकारी कहाँ मिलेगी ?**

**उत्तर** : विगत् एक वर्ष से पूर्व आयोजित परीक्षाओं से संबंधित जानकारी आयोग के वेबसाइट के होम पेज पर बायीं तरफ Archived news के अंतर्गत देखा जा सकता है।

**प्रश्न : आयोग का ई-मेल आई०डी० क्या है ?**

उत्तर : आयोग का ई-मेल आई०डी० bpscpat-bih@nic.in है।

**प्रश्न : आवेदन में किसी उम्मीदवार का गलत फोटो और हस्ताक्षर अपलोड हो गया है, सुधार होगा कि नहीं?**

उत्तर : विज्ञापन के अनुसार आवेदन भरने की अन्तिम तिथि के बाद Edit का Window Open होता है, जिसके उपरान्त फोटो एवम् हस्ताक्षर दूबारा अपलोड कर सुधार किया जा सकता है।

**प्रश्न : कूरियर अथवा आयोग कार्यालय के काउन्टर पर आवेदन क्यों नहीं जमा होता है ?**

उत्तर : आयोग केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही Examination Form का आवेदन स्वीकार करता है। अन्य प्रकार के आवेदन Speed Post/Email से भेज सकते हैं। कूरियर के माध्यम से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाता है।

**प्रश्न: क्या 07 कैटेगरी (EWS) को उम्र सीमा में Relaxation उपलब्ध है ?**

उत्तर : नहीं।

**प्रश्न : परीक्षा/ साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर जाना आवश्यक है ?**

उत्तर : हाँ, आधार कार्ड अथवा वही फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर जाना है जिसका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन में किया गया है।

**प्रश्न : क्या P.T. के आवेदन में भरे गए Optional विषय को मुख्य परीक्षा में बदला जा सकता है ?**

उत्तर : हाँ।

**प्रश्न : एकसमानता लाने हेतु Scaling पद्धति अपनाया जाता है ?**

उत्तर : फिलहाल नहीं।

**प्रश्न : लिखित परीक्षा में अलग-अलग विषयों के उत्तर अलग-अलग भाषा में लिखा जा सकता है ?**

उत्तर : हाँ।